पत्रांक—1 / खेल 1—64 / 2024 / 653

बिहार सरकार

खेल विभाग

प्रेषक,

निरंजन कमार,
संयुक्त सचिव।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक—12/2/2026

विषय :— **बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर के विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु भ्रामक, फर्जी विज्ञापनों एवं ठगी पर रोक लागने हेतु सूचना प्रकाशन के संबंध में।**

प्रसंग :— बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर का पत्रांक—BSUR/60/2026, PR No. 32 दिनांक—05.02.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर में विभिन्न पदों पर नियुक्ति का प्रलोभन देकर एवं फर्जी विज्ञापन के माध्यम से कई लोगों को ठगी का शिकार बनाये जाने की अपुष्ट सूचना प्राप्त होने का उल्लेख करते हुए उक्त संबंध में सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित करने अनुरोध किया गया है।

अतएव प्रासंगिक पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये सूचना को राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

अनु०—यथोक्त।

विश्वासभाजन

12/02/26

(निरंजन कुमार)
संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक—1 / खेल 1—64 / 2024...653.   पटना, दिनांक 12.2. / 2026

प्रतिलिपि :— श्रीमती नुपूर झा, उपनिदेशक, खेल विभाग / सुश्री दीपा रानी, आई०टी०मैनेजर, खेल विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त विज्ञापन सं०— BSUR/60/2026 PR No. 32 दिनांक—05.02.2026 को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के निमित्त अग्रेतर कार्रवाई की जाय।

अनु०—सूचना संलग्न।

12/02/26

संयुक्त सचिव।

1503 R

Bihar Sports University, Rajgir
बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर
A Govt. University, Established under Bihar Sports University, Act 2021

Rajgir, Nalanda, Bihar - 803116
www.bsur.ac.in
coe.bsur@gmail.com,

संचिका : BSUR / ...60...../ 2026, PR No. - 32

बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर (नालन्दा)

प्रेषक,

कुलसचिव,

बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर।

सेवा में,

सचिव

खेल विभाग, बिहार, पटना।

विषय :- बिहार खेल विश्वविद्यालय के विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु भ्रामक, फर्जी विज्ञापनों एवं ठगी पर रोक लगाने हेतु खेल विभाग के बेवसाईट पर सर्वसाधारण सूचना अपलोड करने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर में विभिन्न पदों पर नियुक्ति का प्रलोभन देकर एवं फर्जी विज्ञापन के माध्यम से कई लोगों को ठगी का शिकार बनाये जाने की अपुष्ट सूचना प्राप्त हो रही है, जिसकी सूचना तत्काल सर्वसाधारण को दिये जाने कि आवश्यकता है।

अनुरोध है कि इस पत्र के साथ संलग्न सर्वसाधारण सूचना को खेल विभाग के बेवसाईट पर नोटिस कॉलम पर अपलोड करने के साथ-साथ दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने हेतु संबंधित को निदेशित करने की कृपा की जाये ताकि लोगों को ठगी का शिकार होने से बचाया जा सकें।

अनुलग्नक: **यथोक्त।**

5/2/26

कुलसचिव

बिहार खेल विश्वविद्यालय राजगीर

सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राप्त अपुष्ट सूचनाओं के अनुसार बिहार खेल विश्वविद्यालय में विभिन्न पदो पर नियुक्ति का प्रलोभन देकर अथवा फर्जी विज्ञापन आदि दिखाकर लोगो को ठगने का प्रयास किसी व्यक्ति, समुह या किसी फर्जी संस्था के द्वारा किया जा रहा है, जिससे बचने एवं इसकी सूचना स्थानीय पुलिस अथवा विश्वविद्यालय प्रशासन को दिये जाने की आवश्यकता है।

ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय मे वर्तमान में ऐसी कोई स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया नही चल रही है। किसी भी प्रकार की नियुक्ति संबंधी विज्ञापन प्रेस के माध्यम से दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के साथ-साथ बिहार खेल विश्वविद्यालय के वेबसाईट https://bsur.bihar.gov.in पर अनिवार्यत दी जाती है।

कृपया भ्रामक विज्ञापनों एवं ठगी से बचें।

कुलसचिव

बिहार खेल विश्वविद्यालय राजगीर